राजेंद्र नगर रेलवे ओवर ब्रिज के काम ने पकड़ी गति

▶ तीन भुजा वाला हिस्सा जुड़ना शेष

नव भारत न्यूज

इंदौर. शहर के एबी रोड पर पीडब्ल्यूडी के निर्माणाधीन राजेंद्र नगर रेलवे ओवर ब्रिज का काम बहुत तेज गति से चल रहा है. अब ब्रिज की तीनों भुजाओं को मिलना शेष है. ब्रिज के स्लोप भी आकर लेते नजर आने लगे हैं. पीडब्ल्यूडी ने ब्रिज निर्माण का समय फरवरी तय कर दिया है.

राजेंद्र नगर रेती मंडी चौराहे पर रेलवे क्रासिंग के कारण बहुत जाम लगता था. इससे निजात पाने के लिए प्रशासन ने रेलवे ओवर ब्रिज बनाने का निर्णय लिया गया. उक्त रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य पहले आईडीए ने प्रस्तावित किया था. उक्त क्रॉसिंग पर यातायात जाम होने की समस्या बहुत ज्यादा हो गई थी.

जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने रेलवे ओवर ब्रिज निर्माण का निर्णय किया. इसके बाद उक्त ब्रिज का निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी को सौंपा गया. पीडब्ल्यूडी ने उक्त ब्रिज अप्रैल 2022 में काम शुरू किया था, जिसका काम चलते करीब 3 साल हो चुके है. वैसे ब्रिज का काम 18 महीने में ही पूरा करने का समय निर्धारित था, लेकिन साइट क्लियर और नर्मदा, ड्रेनेज लाइन शिफ्टिंग का काम समय पर नहीं होने से ब्रिज निर्माण में देरी हो गई. अब ब्रिज निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है और सिर्फ तीनों भुजाओं को मिलाने का शेष रह गया है. यह काम दिसंबर पहले सप्ताह में पूरा होने की संभावना है.

29 करोड़ है लागत

ब्रिज का ठेका मेसर्स रामप्रकाश गुप्ता कंस्ट्रक्शन को दिया है. 920 मीटर लंबा और फोर लेन चौड़ा बनाया जा रहा है. उक्त ब्रिज की निर्माण लागत 29 करोड़ रुपए है. उक्त की दो भुजा एबी रोड पर और एक भुजा राजेंद्र नगर पर उतरेगी.

फरवरी तक पूरा होगा काम

ब्रिज निर्माण के चलते सर्विस रोड का डामरीकरण और पेंच वर्क भी पूरा हो गया है. अब धूल उड़ना बंद हो गई है और यातायात भी सुलभ हो गया है. पीडब्ल्यूडी प्रभारी कार्यपालन यंत्री गुरमीत कौर भाटिया ने कहा कि ब्रिज निर्माण कार्य फरवरी में पूरा कर देंगे. यातायात के लिए खोल दिया जाएगा.

एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0 आज, मुख्यमंत्री होंगे शामिल

▶ 'टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन' किया जाएगा प्रस्तुत

इंदौर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में गुरुवार को आयोजित होने वाले 'मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0' में शामिल होंगे. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कॉनक्लेव का आयोजन प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनाने के लिये किया जा रहा है. इससे राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय हो होगी. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाएगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके.

कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का 'टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन' प्रस्तुत किया जाएगा. इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे जिसमें निवेश और सहयोग के नए अवसरों पर चर्चा होगी. कॉनक्लेव में 'मध्यप्रदेश अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी नीति 2025' का मसौदा भी प्रस्तुत किया जाएगा. इसका उद्देश्य उज्जैन को भारत के उभरते अंतरिक्ष नवाचार केंद्र के रूप में स्थापित करना है, जो इसकी खगोलीय विरासत को आधुनिक अंतरिक्ष अनुप्रयोगों से जोड़ेगा.

यह मसौदा इन-स्पेस के तहत राष्ट्रीय अंतरिक्ष सुधारों के अनुरूप है, जो उपग्रह डिज़ाइन, प्रक्षेपण सेवाओं और सुदूर संवेदन में निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करेगी. कॉनक्लेव में उद्योग जगत के प्रतिनिधि अनंत टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के डॉ. सुब्बाराव पावुलुरी फिक्की एवीजीसी-एक्सआर फोरम के अध्यक्ष श्री आशीष कुलकर्णी, एएनएसआर के सह-संस्थापक विक्रम आहूजा, इन-स्पेस के डॉ. प्रफुल्ल जैन, सोलुजेनिक्स के चंद्रा कोथापु, आर.डब्ल्यू.एस मोराविया के बेंजामिन फेस और क्लिनीसप्लाई जीसीसी की प्रेरिता बाहेती शामिल होंगे.

नई इकाइयों का उद्घाटन और नई परियोजनाओं का होगा भूमिपूजन

कॉनक्लेव में एमपीएसईडीसी के अंतर्गत नई इकाइयों का उद्घाटन और नई परियोजनाओं का भूमिपूजन समारोह भी होगा. निवेशकों को एलओए (आवंटन पत्र) वितरित किए जाएंगे. उद्योगों के साथ एमओयू एवं समझौतों का आदान-प्रदान होगा। 'मध्यप्रदेश अंतरिक्ष तकनीक नीति 2025' के मसौदे का अनावरण किया जाएगा. मुख्य कार्यक्रम से पूर्व वैश्विक क्षमता केंद्र, ड्रोन प्रौद्योगिकी, एवीजीसी-एक्सआर एवं गेमिंग पर उद्योग गोलमेज सम्मेलन भी आयोजित किए जाएंगे.

एक नजर में

नशा मुक्ति जनजागरण व विधिक साक्षरता कार्यक्रम

इंदौर. न्यायालय की संवेदनशील पहल और विद्यालयीन बच्चों की सशक्त प्रस्तुति ने गौतमपुरा में अद्भुत दृश्य रच दिया. तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर, जिला इंदौर एवं लॉर्ड रामा इंग्लिश स्कूल गौतमपुरा के संयुक्त तत्वावधान में न्यायोत्सव-विधिक सेवा सप्ताह के अंतर्गत नशा मुक्ति जनजागरण एवं विधिक साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों ने समाज को एक गहरा संदेश दिया कि नशा छोड़ो, खुशियों को अपनाओ. मुख्य अतिथि तहसील विधिक सेवा समिति देपालपुर के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश हिदायत उल्ला खान ने बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि संस्कार ही जीवन की नींव है. शिक्षा और सेवा उस नींव के दो आधार स्तंभ हैं. सच्ची सेवा वही है, जहाँ दूसरों के जीवन में रोशनी पहुँचाई जाती है/ न्यायोत्सव का पावन उद्देश्य न्याय सबके लिए की पुनीत भावना को साकार करना है. विद्यालय संचालक विशाल राठी ने स्वागत कविता के माध्यम से अतिथियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की, वहीं चेतन भावसार ने मंच संचालन कर कार्यक्रम को जीवंत बनाया. इस अवसर पर नायब नाजिर दिलीप यादव, सहायक पुलिस उप निरीक्षक नारायण सिंह तंवर, आरक्षक विजय मुकेश खत्री, विद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे. प्राचार्य राजू कृष्णन ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बच्चों का यह प्रयास समाज में जागरूकता की नई ज्योति जलाएगा.

टाटा मोटर्स ने पेश किया 'कर्व' का नया संस्करण

इंदौर. टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स लिमिटेड ने अपनी लोकप्रिय स्पोर्ट्स यूटिलिटी गाड़ी 'कर्व' को नए और उन्नत फीचर्स के साथ लॉन्च किया है. कंपनी ने बेहतर इंजीनियरिंग तकनीक अपनाते हुए कर्व के पेट्रोल, डीज़ल और इलेक्ट्रिक, सभी मॉडलों में केबिन की जगह बढ़ाई गई है. इससे यात्रियों को पहले से अधिक आराम, सुविधा और बेहतर ड्राइविंग अनुभव मिलेगा. नए संस्करण में कई खास सुविधाएँ जोड़ी गई हैं, जिनमें शामिल हैं, भारत की पहली आर-कम्फर्ट सीटें जो हवा का प्राकृतिक प्रवाह बनाए रखती हैं, रियर सीट के लिए सनशेड स्क्रीन, पीछे बैठने वालों के लिए कप होल्डर, सफेद कार्बन फाइबर जैसी डैशबोर्ड सजावट, और ललितपुर ग्रे रंग के शानदार कृत्रिम चमड़े (लेदरेट) की सीटें. इन सुविधाओं के साथ कर्व यात्रियों को अपने वर्ग में सबसे आरामदायक और प्रीमियम अनुभव प्रदान करती है.

माय बिज और स्वीगी के बीच गठबंधन

इंदौर. मेकमायट्रिप के एसएएएस-आधारित कॉरपोरेट बुकिंग प्लेटफ़ॉर्म माय बिज और ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफ़ॉर्म स्वीगी ने एक रणनीतिक साझेदारी की घोषणा की है. इस सहयोग का उद्देश्य देश भर में लाखों कॉरपोरेट यात्रियों के लिए भोजन से जुड़े व्यय प्रबंधन को सरल और सुव्यवस्थित बनाना है. मेकमायट्रिप के सह-संस्थापक और ग्रुप सीईओ राजेश मागोने कहा इस साझेदारी के माध्यम से स्वीगी के विस्तृत रेस्तरां नेटवर्क और डिलीवरी इंफ्रास्ट्रक्चर को माय बिज़ के कॉरपोरेट ट्रैवल इकोसिस्टम से जोड़कर, हम व्यावसायिक यात्रा के दौरान भोजन व्यय प्रबंधन की जटिलताओं को सरल बना रहे हैं. स्वीगी फूड मार्केटप्लेस के सीईओ रोहित कपूरने कहा व्यावसायिक यात्रा करने वाले जानते हैं कि कठिनाई अक्सर बैठक में नहीं, बल्कि भोजन की व्यवस्था और उसके खर्च की रसीदों को संभालने में होती है. माय बिज़ के साथ यह साझेदारी इस परेशानी को दूर करती है.

कैनन ने नैक्स्ट-जनरेशन की इमेज फोर्स सीरीज की पेश

इंदौर. कैनन इंडिया ने आज अपनी इमेज फोर्स सी5100 कलर सीरीज़ और 6100 मोनो सीरीज़ लॉन्च की. ये मल्टीफंक्शन डिवाईस आधुनिक वर्कप्लेस की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिज़ाईन की गई हैं. ये नैक्स्ट-जनरेशन की एमएफडी व्यवसायों को सुरक्षा, विश्वसनीयता, कनेक्टिविटी और सस्टेनेबिलिटी के साथ बेहतर क्षमताएं प्रदान करेंगी. इनमें इंटेलिजेंट ऑटोमेशन है, जो वर्कफ्लो को आसान बना देता है। सीरीज़ के बारे में तोशियाकी नोमुरा, प्रेसिडेंट एवं सीईओ, कैनन इंडिया ने कहा कैनन इंडिया में हम ग्राहकों को हमेशा ऐसी टेक्नोलॉजी प्रदान करना चाहते हैं, जो न केवल उनकी उत्पादकता बढ़ाए, बल्कि डेटा की सुरक्षा और सस्टेनेबिलिटी में भी सबसे बेहतर हो। नई इमेज फोर्स सीरीज़ हमने इसी उद्देश्य के तहत विकसित की है. सी सुकुमारन, सीनियर डायरेक्टर, प्रोडक्ट्स एंड कम्युनिकेशन, कैनन इंडिया ने कहा नई इमेज फोर्स सी 5100 और 6100 सीरीज़ इंटेलिजेंट प्रिंट सॉल्यूशंस का विकास करने की कैनन की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है.

बजाज जनरल इंश्योरेंस ने किया धोखाधड़ी का खुलासा

इंदौर. बजाज जनरल इंश्योरेंस लिमिटेड ने थर्ड पार्टी क्षतिपूर्ति क्लेम के आधार पर 25 करोड़ रुपये के मोटर एक्सीडेंट इंश्योरेंस धोखाधड़ी को सफलतापूर्वक खुलासा किया है. इस धोखाधड़ी को गलत एफआईआर और भ्रामक दस्तावेज़ों के माध्यम से मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिब्यूनल, भुज को सबमिट किया गया था. यह केस साणंद पुलिस स्टेशन में दर्ज एक एफआईआर से शुरू हुआ था. यह शिकायत कथित चालक द्वारा दर्ज कराई गई थी, जिसने दावा किया कि वह महिंद्रा ज़ायलो चला रहा था और अचानक वाहन पलट गया. उसके बगल में बैठे सह-चालक को गंभीर चोटें आईं और उसे साणंद सरकारी हॉस्पिटल में मृत घोषित कर दिया गया. इसके बाद मृतक के कानूनी वारिसों ने भुज में एमटीसी के समक्ष 25 करोड़ रुपये का मुआवज़ा क्लेम दायर किया. अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, सीआईडी क्राइम और रेलवे, गुजरात राज्य के नेतृत्व में, एसआईटी ने अपना निष्कर्ष प्रस्तुत किया. जांच में पुष्टि हुई कि असल में वह सह-चालक दुर्घटना के समय अकेले गाड़ी चला रहा था. कथित चालक ने जानबूझकर झूठी एफआईर दर्ज की, गवाहों को गुमराह किया और जाली सबूत प्रस्तुत किए.

कोर्टेवा एग्रीसाइंस ने लॉन्च किया पिक्सारो

इंदौर. कॉर्टेवा एग्रोसाइंस ने भारत में गेहूँ के लिए चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण के लिए एक नए समाधान, पिक्सारो के लॉन्च की घोषणा की. एरिलिक्स एक्टिव और फ्लुरोक्सीपायर का यह पोस्ट-इमर्जेंट प्री-मिक्स, मज़बूत और मुश्किल चौड़ी पत्ती वाले खरपतवारों पर विश्वसनीय नियंत्रण के साथ असाधारण फसल सुरक्षा प्रदान करने के लिए निर्मित किया गया है, जिससे गेहूँ उत्पादकों को उपज की क्षमता और गुणवत्ता की रक्षा करने में मदद मिलती है. गेहूँ में चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार यदि नियंत्रण में न रखे जाएँ, तो वे पोषक तत्वों, नमी और प्रकाश के लिए प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे उपज घटती है। पिक्सारो चौड़ी पत्ती वाले खरपतवार नियंत्रण को नई परिभाषा देता है केवल एक ही छिड़काव में चेनोपोडियम एलबम, रूमेक्स डेंटेटसऔर मेडिकैगो डेंटिक्यूलेट जैसे जिद्दी खरपतवारों पर व्यापक और प्रभावी नियंत्रण प्रदान करता है।

यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि, लापरवाही पर की जाएगी सख्त कार्रवाई

▶ बस ऑपरेटरों के साथ बैठक में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

▶ यात्रियों के साथ सद्व्यवहार करने के दिए गए निर्देश

इंदौर. कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में आज इंदौर में बस ऑपरेटरों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. बैठक का मुख्य उद्देश्य यातायात को सुगम बनाना, यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और बस स्टाफ के आचरण में अनुशासन लाना था. बैठक में यात्रियों की सुरक्षा, उनके लिए सुविधाएं, यात्रियों के साथ शालीन और सदव्यवहार और यातायात की सुगमता के लिए बस संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए गए. कलेक्टर ने कहा कि जारी दिशा निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाये. पालन नहीं करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

कलेक्टर ने कहा कि यात्रियों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है. बस संचालन ऐसा हो जिससे किसी यात्री को असुविधा या परेशानी नहीं हो. यातायात नियमों का कड़ाई से पालन किया जाए, और किसी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी. बैठक में अपर कलेक्टर रोशन राय, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और बस ऑपरेटर मौजूद थे. उन्होंने बताया कि हाल ही में एक बस स्टाफ द्वारा की गई एक घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने पुलिस कार्रवाई की है.

सुरक्षा सुविधाएं अनिवार्य रूप से होना चाहिए

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्देश दिए कि बसों में लाइटिंग, जीपीएस, आपातकालीन बटन, पीने के पानी जैसी सुरक्षा सुविधाएं अनिवार्य रूप से कार्यशील रहें ड्राइवर, कंडक्टर और स्टाफ नशीले पदार्थों का सेवन न करें, यूनिफॉर्म में रहें और यात्रियों से शालीन व्यवहार करें. सभी वाहनों की नियमित फिटनेस और ड्राइविंग लाइसेंस जांच की जाए. श्री वर्मा ने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या नियम उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी.

सतत प्रगति की दिशा में नवाचार महत्वपूर्ण

▶ दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी अन्वेषण 2025 का शुभारंभ

इंदौर. वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी 'अन्वेषण 2025' का शुभारंभ किया गया. अन्वेषण 2025 विद्यार्थियों को अपने नवाचारी प्रोजेक्ट्स और वैज्ञानिक मॉडलों को प्रस्तुत करने का एक उत्कृष्ट मंच प्रदान करता है, जो रचनात्मकता, सहयोग और जिज्ञासा की भावना को प्रोत्साहित करता है.

'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय ने इस ऐतिहासिक अवसर को देशभक्ति और उत्साह के साथ मनाया. कार्यक्रम का स्वागत भाषण डॉ. श्वेता मिश्रा, संयोजक अन्वेषण 2025 ने प्रस्तुत किया. वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलपति, डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने मुख्य अतिथि डॉ. अर्पण भारद्वाज, कुलपति, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन तथा विशिष्ट अतिथि राकेश वर्मा, वैज्ञानिक, डीआरडीओ, पुणे का स्वागत किया. अपने उद्बोधन में डॉ. योगेश सी. गोस्वामी ने कहा कि प्रौद्योगिकी सतत और प्रगतिशील भविष्य की कुंजी है. उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे तकनीकी प्रगति और पारंपरिक ज्ञान के बीच संतुलन बनाए रखें तथा वैज्ञानिक अनुसंधान और प्रयोगों के माध्यम से सार्थक नवाचार करें. मुख्य अतिथि डॉ. अर्पण भारद्वाज ने अपने मुख्य भाषण में समाज में विज्ञान की परिवर्तनकारी भूमिका पर बल दिया. उन्होंने कहा कि विज्ञान समाज के विकास के लिए अस्तित्व में है, जो जीवन को सरल, सहज और सतत बनाता है. उन्होंने नवाचार को संसाधनों के संरक्षण और सतत प्रगति की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण बताया. कार्यक्रम का समापन डॉ. पमिला नीमा, सह-संयोजक अन्वेषण 2025 द्वारा प्रस्तुत हार्दिक आभार प्रदर्शन के साथ हुआ.

जिज्ञासा नवाचार की नींव है

विशिष्ट अतिथि राकेश वर्मा ने कहा कि जिज्ञासा ही नवाचार और विकास की नींव है. एक दिन में कुछ नहीं बदलता, लेकिन एक दिन सब कुछ बदल जाता है. यह संदेश विद्यार्थियों को निरंतरता और उत्साह के साथ विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है.

युवा उत्सव में युवाओं ने बिखेरे अपनी प्रतिभा के रंग

▶ समूह नृत्य स्पर्धा में जिले के विजेताओं ने दी जोरदार प्रस्तुति

इंदौर. देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के द्वारा आयोजित दो दिवसीय अंतर जिला युवा उत्सव में युवा प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा के रंग बिखेर दिए. आज आयोजित की गई समूह नृत्य स्पर्धा में जिले की विजेता टीमों के द्वारा अपनी जोरदार प्रस्तुति दी गई.

विश्वविद्यालय के खंडवा रोड परिसर में स्थित ऑडिटोरियम में इस दो दिवसीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया है. आज इस उत्सव का शुभारंभ प्रभारी कुलपति डॉ सुमन कटियार ने दीप प्रज्वलित कर किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि विद्यार्थी इस युवा उत्सव में अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। शिक्षा का उद्देश्य डिग्री देना और विषय ज्ञान देना ही नहीं है. विद्यार्थी का संपूर्ण विकास करना ही शिक्षा का उद्देश्य है. ऐसे में आवश्यक है कि विद्यार्थी में जो प्रतिभा हों, हम उसका विकास करें. विद्यार्थी को इसके लिए साधन और सुविधा उपलब्ध करवाएं. उच्च शिक्षा विभाग के अतिरिक्त संचालक आरसी दीक्षित ने कहा कि इंदौर क्षेत्र प्रतिभाओं का गढ़ है. पिछले कई सालों से यहां की प्रतिभा राष्ट्रीय स्तर पर अपना लोहा मनवा रही है.इस मौके पर डॉ. संध्या वाजपेई ने कहा कि हिमें अपनी मंजिल पर ध्यान देते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुत करना चाहिए. डिप्टी रजिस्ट्रार रचना ठाकुर ने कहा कि इस आयोजन में ऐसी प्रस्तुति होना चाहिए जिसमें कहीं उत्साह की कमी नजर नहीं आए. युवा उत्सव के समन्वयक डॉक्टर पीयूष तेंदुलकर ने आयोजन की रूपरेखा की जानकारी दी. डॉ चंदन गुप्ता ने आभार माना.

समूह नृत्य स्पर्धा का आयोजन

इस उद्घाटन समारोह के तत्काल पश्चात समूह नृत्य स्पर्धा का आयोजन किया गया. इस स्पर्धा में विभिन्न जिलों की विजेता टीमों के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी गई. एक से एक प्रस्तुति ने वहां पर मौजूद युवाओं का दिल जीत लिया. इस युवा उत्सव में कुल 22 विधा शामिल की गई है. आज इस युवा उत्सव में रंगोली, कार्टूनिंग, पोस्टर मेकिंग, क्ले मॉडलिंग, शास्त्रीय स्वर वाद्य, शास्त्रीय ताल वाद्य, कंठ संगीत, शास्त्रीय एकल नृत्य, पाश्चात्य एकल नृत्य, पाश्चात्य समूह गायन, पाश्चात्य एकल वादन और लोक वाध वृन्द की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया.

तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान में मना अन्नकूट महोत्सव

इंदौर. गुमाश्ता नगर स्थित श्री तिरूपति बालाजी वेंकटेश देवस्थान में आज भव्य अन्नकूट महोत्सव एवं छप्पन भोग दर्शन समारोहपूर्वक मनाया गया. भगवान के अलौकिक स्वरूप के दर्शन हेतु बड़ी संख्या में श्रद्धालु पंक्तिबद्ध होकर खड़े थे. भजनों की स्वरलहरियां गूंज रही थी और समूचा परिसर भगवान के 56 भोग की सुगंध से महक रहा था.

देवस्थान ट्रस्ट के ट्रस्टीगण पुरूषोत्तम पसारी, लक्ष्मण पटवा और राम मूंदड़ा ने बताया कि आज दिन भर मंदिर परिसर में महोत्सव की तैयारी चलती रही. शाम साढ़े छह बजे झालरिया पीठाधीश्वर स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज की प्रेरणा से आयोजित इस आयोजन में पुजारी जी प्रभु को छप्पन भोग अर्पित किये तथा भोग लगाया एवं प्रभु की आरती उतारी. जय जानकीनाथ के उद्धघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान हो उठा. तुरंत बाद पंक्तिबद्ध खड़े होकर दर्शनों के आतुर श्रद्धालुओं के लिए दर्शन खोल दिए गए. ज्यों ही भक्तों की दृष्टि प्रभु के नयनाभिराम श्रृंगार पर पड़ी भक्तगण गोविंदा-गोविंदा का उद्घोष कर उठे. प्रभु के अलौकिक श्रृंगार को देख भक्त एकटक भगवान के दिव्य स्वरूप को निहारने लगे. प्रभु की उत्सव प्रतिमाओं का भी भव्य श्रृंगार किया गया था.

गोबरसे गोवर्धननाथ की प्रतिमा सजाई

लक्ष्मण पटवा, ओमप्रकाश पसारी, ने बताया कि सभी भक्तों को बालाजी मित्र मंडल की महिला कार्यकर्ता जय श्रीमन्नारायण के उच्चारण के साथ प्रसाद वितरित कर रही थीं. इस अवसर पर मंदिर परिसर पर गोबर से गोवर्धननाथ की सुंदर प्रतिमा भी सजाई गई थी जो भक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र रही. व्यवस्थाओं में बाबू झंवर, बालकृष्ण भलिका, विपिन मुछाल, राजकुमार बाल्दी, कृष्ण मूंदड़ा आदि जुटे हुए थे। देर रात तक श्रद्धालुओं के दर्शन का क्रम जारी रहा.

आयोजन | शहर में धूमधाम से मनी भैरव अष्टमी, विभिन्न मंदिरों में हुए कार्यक्रम

प्राचीन मंशापूर्ण काल भैरव मंदिर में हुई अष्ठ प्रहर आरती

इंदौर. प्रत्येक माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि बाबा काल भैरव को समर्पित है. इस दिन काल भैरव की पूजा की जाती है. मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि का खास महत्व है, क्योंकि इस दिन भगवान काल भैरव का अवतरण हुआ था.

किला मैदान स्थित प्राचीन मंशापूर्ण काल भैरव मंदिर भक्तों के बीच काफी मशहूर है. हर वर्ष की तरह भक्तों ने पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ बाबा काल भैरव की अष्टमी का उत्सव मनाया. इस अवसर पर आकर्षक विद्युत सज्जा देखते ही बनती थी. मंदिर के सेवक निलेश गोयल ने बताया कि काल भैरव अष्टमी के अवसर पर मंदिर में अष्ठ प्रहर की आठ आरती के आयोजन किया गया. इसकी शुरुआत सुबह 5 बजे की पहली आरती से हुई और अंतिम आरती रात 12 बजे श्यन आरती आयोजित की गई. शाम 7 बजे आयोजित महाआरती का आयोजन किया गाया. इस महाआरती में हजारों की संख्या में भक्तों के साथ पुलिस बैंड ने भी शिरकत की थी.

खास बात यह रही कि इसमें शामिल होने के लिए इंदौर के बाहर से भक्त पहुंचे थे. इस अवसर पर बाबा को 56 भोग प्रसाद चढ़ाया गया. इस वर्ष हमने भक्तों के लिए 1000 किलो का मीठे प्रसाद का वितरण किया. इस वर्ष भक्तों द्वारा बाबा के सिंहासन और छतरी पर 15 किलो चांदी की परत चढ़ाई गई है. ऐसी मान्यता कि है मंदिर में रोज शाम को बाबा की अखंड धुनी की भभूती के सेवन से लोगों को स्वास्थ लाभ होता है और सभी दुख तकलीफ खत्म हो जाती है.

विद्याधाम पर बटुक भैरव का सजा पुष्प बंगला

▶ 21 विद्वानों ने किया रुद्राभिषेक, 56 भोग किए समर्पित

इंदौर. श्रीविद्याधाम पर महामंडलेश्वर स्वामी चिन्मयानन्द सरस्वती के सानिध्य एवं आचार्य पं. राजेश शर्मा के निर्देशन में भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में सुबह आश्रम परिसर स्थित भैरवनाथ मंदिर पर बटुक भैरव का 21 विद्वानों द्वारा रुद्राभिषेक एवं षोडषोपचार पूजन कर गो दुग्ध से अभिषेक किया गया. शाम को छप्पन भोग समर्पित कर पुष्प बंगला सजाया गया.

आश्रम परिवार के सुरेश शाहरा, पं. दिनेश शर्मा एवं राजेंद्र महाजन ने बताया कि भैरव अष्टमी के उपलक्ष्य में आश्रम स्थित भैरवनाथ मंदिर का विशेष श्रृंगार किया गया था. भैरवनाथ के साथ सीतलामाता और मां अन्नपूर्णा का भी श्रृंगार कर पूजन किया गया. सुबह से ही भक्तों द्वारा दर्शन एवं पूजन का क्रम शुरू हो गया था. इस मौके पर मां ललिता त्रिपुर सुंदरी का भी मनोहारी श्रृंगार कर महाभोग लगाया गया. महाआरती में आश्रम परिवार के सदस्यों तथा सैकड़ो भक्तों ने भाग लिया. शाम को स्वामी गिरिजानंद सरस्वती वेद-वेदांग विद्यापीठ के बटुकों ने भी पूजन-अर्चन किया. देर रात तक भक्तों ने नाचते-गाते हुए भगवान भैरवनाथ की आराधना की. दिन भर भक्तों द्वारा पूजन का क्रम चलता रहा और आश्रम परिसर भैरव बाबा के जयघोष से गूंजता रहा.